## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# मुंडन करने वालो के लिए सम्मान पेंशन योजना लागू करने की घोषणा

**घोषणा**

## चुनाव खत्म पर जारी हैं हरीश रावत घोषणाएं

**संवाददाता**



देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा चुनाव का मतदान खत्म हो गया है। इसके बावजूद पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत लगातार अपनी विधानसभा में लोगों के बीच में है। इस दौरान वह लोगो की समस्या सुनकर उसके समाधान की घोषणा भी कर रहे है। इसी प्रकार उन्होंने गुरुवार को मुंडन करने वालो के लिए सम्मान पेंशन योजना लागू करने की घोषणा की है। इससे पूर्व उन्होंने घस्यारी सम्मान योजना, शगुन आंखर पेंशन योजना के साथ ही पुलिस कर्मियों को ग्रेड पे करने का वादा भी किया है।

पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने अपने फेसबुक वाल में पोस्ट किया है की अभी आगे बहुत कुछ करना है जिसे अभी तक नहीं कर पाए है। इसे हम अपने घोषणापत्र में भी सम्मिलित नहीं कर पाए। कहा है कि मुंडन हिन्दु धर्म का एक बड़ा संस्कार है। जब बच्चे का मुंडन संस्कार होता है और जब किसी का देहांत होता है तो उसके पुत्र व अपने लोग भीमुंडन करते हैं। वर्तमान समय में मुंडन करने वाले लोग विलुप्त होते जा रहे है। फिर भी कुछ लोग मुंडन करने वाले है तो उन्हे राज्य सम्मान योजना योजना प्रारंभ करनी होगी। इससे पूर्व हरीश रावत ने मंगलगीत गाने वाली महिलाओं के लिए सरकार बनने पर 1800 रुपये की पेंशन दिए जाने की घोषणा की है, जिससे की मांगलिक गीत गाने की परम्परा जीवत रह सके। इसके साथ ही हरदा ने घसियारी महिलाओं के लिए घसियारी सम्मान पेंशन योजना शुरू करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस की सरकार बनने पर इस घोषणा के तहत घसियारी महिलाओं को 500 रुपये की सम्मान राशि प्रतिमाह पेंशन के रूप में दी जाएगी।

इसके अलावा पुलिस के जवानों से भी ग्रेड पे लागू करने का वादा पहले ही कर चुके हैं। वह पुलिसकर्मियों के पास जाकर व ऑडियो क्लिप जारी कर इसकी घोषणा की। कहा की सरकार में आने पर वह पुलिस कर्मियों की इस मांग और अन्य मांगों को प्राथमिकता के आधार पर हल करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल में उन्होंने पुलिस विभाग के रिक्त पदों को भरने में हमेशा वरीयता दी है।

## न्यूज डायरी

### एफएसडी की टीम ने दो फ्लोर मिल सहित तीन कंपनियों पर मारा छापा

**संवाददाता** रुड़की। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों की टीम ने गुरुवार को खाद्य सामग्री बनाने वाली तीन कंपनियों पर छापेमारी की। इनमें दो फ्लोर मिल, जबकि एक टाफी बनाने वाली कंपनी है। टीम ने इन तीनों कंपनियों से आटा, मैदा, बेसन, सूजी सहित सात खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए हैं। टीम की इस कार्रवाई से अन्य खाद्य सामग्री बनाने वाली कंपनियों में हड़कंप मचा रहा। वहीं टाफी कंपनी में एक्सपायर एसेंस की तीन बोतल भी मिली, जिसे टीम ने नष्ट करा दिया है। इसे लेकर कंपनी संचालक को नोटिस भी जारी किया गया है। बाजार में मिलावटी सामान की बिक्री पर अंकुश लगाने को लेकर राज्य खाद्य सुरक्षा विभाग के आयुक्त के निर्देश पर अभियान शुरू किया गया है।

### बाजपुर स्थित गुरुद्वारा बैंतखेड़ी साहिब में मीरी और पीरी के निशान लगे

**संवाददाता** बाजपुर। विधिचंद संप्रदाय दल के जत्थेदार बाबा अवतार सिंह की अगुआई में गुरुद्वारा साहिब बैंतखेड़ी में दीवान सजाए गए व मीरी–पीरी के निशान साहिब स्थापित किए गए। हाथी–घोड़ों व दल–बल के साथ पंजाब से बाजपुर पहुंचे जत्थेदार अवतार सिंह के मार्गदर्शन में गुरुद्वारा साहिब बैंतखेड़ी के नवनिर्मित भवन में मीरी और पीरी से संबंध रखने वाले निशान साहिब स्थापित किए गए। गुरुद्वारा साहिब के निर्माण के लिए भी जत्थेदार साहिब की ओर से संगत को बधाई दी गई। संप्रदाय के रागी जत्थे ने कीर्तन करते हुए कहा कि पंच प्याले पंच पीर छठम पीर बैठा गुर भाई.., अर्जुन काया पलट के मूरत हर गोविद सवारी, चल्ली पीरी सोढिघ्यां रूप दिखावण बारी–बारी, दल भजन गुरु सूरमा बन योद्धा पर उपकारी..।

### दोगुना हो गया यूक्रेन–इंडिया का एयर टिकट

**संवाददाता** रुद्रपुर। एयर टिकट का किराया बढ़ने से यूक्रेन में पढ़ाई करने गए भारतीय छात्रों की चिंता बढ़ गई है। किराया करीब डबल कर दिया गया है। यूक्रेन के टर्नोपिन शहर में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे जावेद ने दैनिक जागरण से बात की और बताया कि हालात फिलहाल सही हैं। कोई परेशान होने वाली बात नहीं है। शुरू में हमला होने की संभावना की खबर लगते ही भारत में हड़कंप मच गया था। भारतीय छात्रों को लेकर उनके स्वजनों में चिंता रही। जिसे देखते हुए उत्तराखंड के कुछ छात्रों के स्वजनों ने उन्हें वापस बुला लिया है। फिलहाल काशीपुर के दो छात्र भी साथ हैं और सुरक्षित हैं। रूस और अमेरिका के बीच बर्चस्व की लड़ाई लंबे समय से चल रही है। यूक्रेन नाटो का सदस्य बनना चाह रहा है, इस बात की भनक लगने पर रूस ने आपत्ति जताई।

## तीन वर्ष बाद भी पर्यावरण मित्रों की तैनाती नही

**संवाददाता** बागेश्वर। परिसीमन के बाद नगर पालिका में पांच नए वार्ड शामिल हुए। पूर्व में यह गांव थे। पालिका में शामिल होने के तीन वर्ष बाद भी यहां पर्यावरण मित्रों की तैनाती नहीं हो सकी है। सूखा कूड़ा तो डोर–टू–डोर उठता है। लेकिन गीला कूड़ा फिर वार्ड में गंदगी फैल रहा है। बंदर, कुत्ते और अन्य जानवर उसे बिखेर रहे हैं। गर्मी के दिन आने वाले हैं। यदि वार्डों में स्वच्छता की ठोस व्यवस्था नहीं हुई तो संक्रमित बीमारियों के फैलने की आशंका बनी हुई है।

2011 की जनगणना के अनुसार शहर की जनसंख्या 37 हजार थी। लेकिन वर्तमान में जनसंख्या लगभग 50 हजार का आंकड़ा पार कर गई है। तीन वर्ष पूर्व ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़कर चार नए वार्ड बनाए गए। नए किसी भी वार्ड में पर्यावरण मित्र की तैनाती नहीं हो सकी है। 37 हजार जनसंख्या पर कम से कम 70 पर्यावरण मित्रों की जरूरत है। जबकि वर्तमान में 43 पर्यावरण मित्र पालिका के पास हैं। वहीं पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल कहते हैं कि पालिका के विस्तार के बाद लगातार विकास हो रहा है। सड़क, रास्ते, पेयजल, घाट निर्माण आदि के साथ ही पालिका ने आय बढ़ाने के लिए तमाम काम किए हैं। जिन स्थानों पर दिक्कतें हैं, वहां भी काम हो रहा है। शीघ्र वार्डों को सभी सुविधाएं मिलेंगी।

**यहां नहीं हैं पर्यावरण मित्रः** मंडलसेरा, कठातयबाड़ा, सैम मंदिर और बिलौनासेरा वार्ड में पर्यावरण मित्र नहीं हैं। यहां डोर टू डोर कूड़ा उठाया जाता है।



## युवक की चाकू से गोदकर हत्या, झाड़ी से बरामद हुआ शव

**संवाददाता** किच्छा। ऊधमसिंहनगर जिले के किच्छा में युवक की हत्या का सनसनी खेज मामला सामने आया है। युवक की चाकू से गोद हत्या करने के बाद हत्यारों ने शव को झाड़ियों में फेंक दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस लापता लोगों का रिकार्ड खंगाल रही है। गुरुवार सुबह दूध लेकर जा रही महिला ने ग्राम बरा के किनारे स्थित मंदिर के पास झाड़ियों में शव पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलभट्टा थाना प्रभारी राजेश पांडेय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुच गए। युवक की चाकू से गोद कर निर्मम हत्या की गई थी। मृतक की उम्र लगभग 30 वर्ष के करीब बताई जा रही है। उसके गले, पेट व पीठ पर चाकू से गोदने के निशान दिखाई दे रहे थे।

# ओसला में पोलिंग पार्टी ने देखी ग्रामीणों की लाचारी

**संवाददाता** पुरोला। पुरोला विधानसभा क्षेत्र के ओसला, गंगाड़, ढाटमीर व पवाणी गांव मोरी ब्लाक की बड़ासू पट्टी में आते हैं। यहां जाने के लिए पहले ब्लाक मुख्यालय मोरी पहुंचना पड़ता है। वहां से 40 किमी दूर तालुका गांव है, जहां सिर्फ छोटे वाहन ही जाते हैं। तालुका से 16 किमी दूर ओसला, गंगाड़, ढाटमीर व पवाणी गांव हैं। इन गांवों की लगभग तीन हजार की आबादी आज भी पाषाण युग में जी रही है। पोलिंग पार्टी को ओसला के विजय राणा ने बताया कि बड़ासू पट्टी के चार गांवों में सुचारू बिजली तक नहीं है। ग्रामीणों के लिए मोबाइल पर बात करना भी सपने देखने जैसा है।



क्षेत्र के गोविंद वन्य जीव विहार में पड़ने के कारण वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से वर्षों बाद सड़क की स्वीकृति तो मिल पाई है। लेकिन, सड़क कब तक बनेगी, कुछ पता नहीं। ओसला के पीठासीन अधिकारी कमलेश बिजल्वाण ने बताया कि तालुका से लेकर ओसला तक चार फीट बर्फ जमी थी। रास्ते में कई जगह तो बेहद फिसलन थी, ऐसे में टीम को कछुवा गति से आगे बढना पड़ा। सबसे अधिक पीड़ादायक दृश्य तो उन्होंने तब देखा, जब ग्रामीणों ने ओसला के एक बीमार व्यक्ति को डंडों पर बांधकर बर्फीले रास्ते से तालुका पहुंचाया।

**बर्फ पिघलाकर पानी का इंतजाम**

ओसला के निकट पवाणी पोलिंग बूथ से मतदान कराकर लौटे जयानंद नौटियाल बताते हैं कि विद्यालय से पानी का स्रोत आधा किमी दूर था। सो, उन्हें शौचालय व मुंह–हाथ धोने के लिए बर्फ पिघलाकर पानी का इंतजाम करना पड़ा। पीने के पानी का इंतजाम भोजन माता ने आधा किमी दूर स्थित प्राकृतिक जलस्रोत से किया। बताया कि पवाणी को जोड़ने वाला पैदल रास्ता बर्फ व पाले के कारण बेहद खतरनाक हो रखा है।

## दहेज की मांग से तंग युवती ने शादी के दो माह बाद ही लगाई फांसी

**संवाददाता** नैनीताल। जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेन्द्र जोशी की अदालत ने दहेज हत्या के आरोपित मृतका के पति राकेश मौर्य पुत्र कृपा राम निवासी–ग्राम करवा, दिनेशपुर उधम सिंह नगर का जमानत प्रार्थना पत्र गंभीर धाराओं में अपराध को देखते हुए ऑनलाईन सुनवाई करते हुए खारिज कर दिया। ससुरालियों ने दहेज की मांग को लेकर युवती को इतना प्रताड़ित किया कि उसने शादी के महज दो माह 16 दिन में ही फांसी लगा ली। गुरुवार को जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार शर्मा ने जमानत का विरोध करते हुए तर्क रखा कि दिनाचा 14 सितंबर 2021 को थाना हल्द्वानी में विजयलक्ष्मी पत्नी शिव शंकर निवासी बिलासपुर रामपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें बताया कि उसकी पुत्री दिव्यारानी हल्द्वानी से बीएससी की पढ़ाई हॉस्टल में रहकर कर रही थी। आठ जून को दिव्या घर से हल्द्वानी आयी थी। शादी के बाद पुत्री का फोन आया कि उसका पति, सास, ससुर, जेठ उसे दहेज के लिए परेशान करते हुए कह रहे हैं कि अपने माता पिता से दो लाख नगद व एक कार, सोने के जेवर लाओ।